राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–174/2023

नई पीढ़ी को बचाने के लिए नशा मुक्ति अभियान से जुड़ें–राज्यपाल

पटना, 24 मई, 2023 :– ''अपने देश और नई पीढ़ी को बचाने के लिए नशा मुक्ति अभियान से खुद जुड़ें और इससे अधिकाधिक लोगों को भी जोड़ें। यह कार्य एक संस्था तक ही सीमित न रहे, बल्कि इसे एक सामाजिक अभियान बनायें और हम सब इसमें सहभागी बनें।'' –यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रवीन्द्र भवन, पटना में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशा मुक्त बिहार अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान की सफलता के लिए जन जागरूकता अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवाओं, विशेषकर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र–छात्राओं में नशे की आदत डालने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। अतः हमें सचेत रहने की जरूरत है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें एवं उनका उचित मार्गदर्शन करें। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने राज्य के सभी महाविद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। इससे पता चल सकेगा कि बच्चे नियमित रूप से अपनी कक्षा में आ रहे हैं।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री समीर महासेठ, बिहार विधान परिषद् में विरोधी दल के नेता श्री सम्राट चौधरी, विश्व हिन्दू परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ० आर०एन० सिंह, माउंट आबू के बी०के० डॉ० बनारसी लाल साह, मुंबई के बी०के० डॉ० सचिन पराब, राजयोगिनी बी०के० संगीता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....